## खबर संक्षेप

### मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस

**सतना।** जिला अस्पताल में मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के संबंध में हुए तथा कथित विवाद का वीडिया सोशल मीडिया में वायरल संबंधित चिकित्सा अधिकारी डॉ लोकेश सोनी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ला ने खबर पर संज्ञान लेते हुए वीडियो क्लिप के साथ कारण बताओ नोटिस जारी कर डॉ. लोकेश सोनी से 24 घण्टे के अंदर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

### कैथा इटमा गांव में मिली लावारिश लाश

**सतना।** कैथा इटमा गांव में एक खेत में एक युवक की लाश मिली है। लाश अर्ध-नग्न अवस्था में थी। इस घटना की सूचना कोतवाली थाना को दे दी गई है और पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

### शराब के लिए मारपीट दो आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** धारकुंडी थाना क्षेत्र में 30 जुलाई की रात विजयपुर चौराहे पर विष्णु प्रसाद साकेत के साथ शराब के लिए पैसे न देने पर मारपीट हुई। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि,मुख्य आरोपी सुंदरम रावत अभी फरार है,और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### सड़क पर फिसली बाइक, पति-पत्नी और मासूम बच्चा घायल

**सतना।** अमरपाटन के ग्राम खरमसेड़ा में सड़क पर पड़ी खेत की मिट्टी की वजह से एक मोटरसाइकिल फिसल गई। इस दुर्घटना में पति-पत्नी और उनका एक मासूम बच्चा घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल अमरपाटन ले जाया गया। शुरुआती इलाज के बाद 4 साल के मासूम बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे सतना के जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### युवक से मारपीट

**सतना।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत पतेरी चौराहे पर हर्ष पांडेय नाम के एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। आरोपियों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह घटना दो दिन पहले की है और हर्ष को गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट करने वाले युवक एकेएस कॉलेज के छात्र बताए जा रहे हैं।

### रीवा कमिश्नर ने किए मां शारदा के दर्शन



**मैहर।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने मैहर पहुंचकर मां शारदा देवी के दर्शन किए। पुजारी सुमित महाराज ने उनका पूजन-अर्चन करवाया और उन्हें चुनरी प्रसाद भेंट किया। दर्शन के बाद कमिश्नर रीवा के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उनके साथ मैहर की कलेक्टर रानी बाटड,एसडीएम विकास सिंह,तहसीलदार जितेंद्र पटेल और नायब तहसीलदार प्रेमलाल चौधरी समेत कई अधिकारी मौजूद थे। मंदिर परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में कमिश्नर के दौरे को लेकर विशेष सुरक्षा और व्यवस्थाएं की गई थीं।

### राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में अंश द्विवेदी का चयन

**मैहर।** गुरुकुल विद्यालय के छात्र अंश द्विवेदी का चयन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में हुआ है। उन्होंने अपनी नर्सरी से लेकर 12वीं तक की पूरी पढ़ाई गुरुकुल विद्यालय से की है। अंश,विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रामगोपाल द्विवेदी के पुत्र हैं। अंश की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक संजय गुप्ता ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता राष्ट्र सेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। विद्यालय परिवार और नगरवासियों ने अंश को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई दी है।

### थैलेसीमिया जांच शिविर में 133 लोगों की जांच की गई

**मैहर।** तोलानी सेवा संकल्प,पूज्य सिंधी पंचायत और भारतीय सिंधु सभा के संयुक्त तत्वावधान में सिंधी धर्मशाला में थैलेसीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुंबई की टीम ने 100 लोगों के जांच के लक्ष्य के मुकाबले 133 लोगों की जांच की। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को थैलेसीमिया के बारे में जानकारी दी,जिससे जांच कराने वालों की संख्या बढ़ी। यह आयोजन संस्था के संस्थापक थधाराम तोलानी की स्मृति में किया गया था।

# गांव में एम्बुलेंस भेजने से मना किया, पुलिस कीचड़ में चलकर गांव पहुंची, ग्रामीण खटिया पर ले गए शव

उसरहाई टोला गांव में 15 साल के लड़के की कुएं में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। गांव में सड़क नहीं होने के कारण पुलिस 800 मीटर तक कीचड़ भरे रास्ते से पैदल चलकर घटनास्थल पर पहुंची।



**हरिभूमि न्यूज, सतना।**

एम्बुलेंस ने तो आने से ही मना कर दिया। घटना ग्राम पंचायत पुरवा स्थित उसरहाई टोला गांव की है। 15 साल का आशिकी कोल बुधवार दोपहर से लापता था। परिजन खेत से घर लौटे तो वह नहीं मिला। तलाश करने पर आशिकी का मोबाइल कुएं के पास पड़ा मिला। ग्रामीणों ने कुएं में काटा डालकर घुमाया,जिसमें आशिकी का पैर फंस गया और शव पानी के ऊपर आ गया। ग्रामीणों ने पुलिस और एम्बुलेंस को कॉल किया। पुलिस कीचड़ में जैसे-तैसे पहुंची और पंचनामा बनाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाना जरूरी था। एम्बुलेंस के आने से मना करने पर ग्रामीणों ने शव को चारपाई पर रखा और कंधे पर रखकर निकल पड़े।

### बीएमओ बोले- सड़क नहीं है, हम नहीं आ सकते

ये घटना नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी की विधानसभा रैगांव के अंतर्गत आने वाले गांव की है। ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन को सूचना दी गई,लेकिन उन्होंने कहा कि वहां सड़क नहीं है,हम नहीं आ सकते,एम्बुलेंस नहीं पहुंच सकती। गांव न सड़क से जुड़ा है,न बिजली पहुंची है। एक ही कुएं से गांव का पूरा जीवन चलता है-पीने का पानी,नहाने का पानी,सब कुछ। बरसात में यह गांव टापू बन जाता है। कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी बीएमओ डॉक्टर अशोक द्विवेदी ने इस मामले में बताया कि थाने से एम्बुलेंस के लिए फोन आया था। मैंने पुलिस को 108 वाहन बुलाने के लिए कहा था। जिला अस्पताल छोड़ कहीं भी शव वाहन की सुविधा नहीं है।

## पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या, मासूम बेटी ने मां की हत्या की कहानी बताई

### चरित्र पर शंका करता था आरोपी पति, गिरफ्तार



**सतना।** मझगवां थाना क्षेत्र के हिरौंदी कठौता गांव में बुधवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। 35 वर्षीय महिला पुष्पा सिंह गोंड़ की हत्या उसके पति भालचंद गोंड़ ने कुल्हाड़ी से कर दी। आरोप है कि पति को पत्नी के चरित्र पर शक था। हत्या के बाद आरोपी ने खुद पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। इस दर्दनाक घटना का खुलासा दंपति की 11 वर्षीय बेटी मानसी सिंह ने किया। कक्षा 6 की छात्रा ने बताया कि वारदात के समय वह घर में मौजूद थी। उसके पिता ने पहले मां से बहस की,फिर कुल्हाड़ी से तीन बार वार कर दिया। उसके पिता मां के चरित्र पर पहले भी शक जताते थे और कई बार विवाद हुआ था।

### 11 साल पहले हुई थी शादी

तीन बच्चे पुष्पा और भालचंद की शादी फरवरी 2014 में हुई थी। दंपती के तीन बच्चे हैं-इनमें एक की उम्र 11 साल,दूसरे की 9 और तीसरी की 4 साल है। पूरा परिवार गांव में सामान्य जीवन जी रहा था, लेकिन पारिवारिक झगड़े लगातार होते रहते थे। पुष्पा का मायका सेमरिया चाभर थाना रामनगर जिला मैहर में है। घटना के बाद भालचंद ने खुद पुलिस को फोन किया। मझगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और आरोपी पर धारा 302 के तहत हत्या का केस दर्ज किया गया है। पुलिस जुटी जांच में पुलिस अब बच्चियों के बयान, कॉल डिटेल और पारिवारिक पृष्ठभूमि के आधार पर मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने चरित्र संदेह को हत्या की वजह बताया है।

# अमिलिया स्कूल भवन की हालत जर्जर

## कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा





**मैहर।**

ग्राम पंचायत अमिलिया में स्थित सरकारी स्कूल का भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। भवन की दीवारों और छत में गहरी दरारें आ गई हैं,जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों को जानकारी दी गई है,लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सवाल किया है कि क्या वे किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं? उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द भवन की मरम्मत या पुनर्निर्माण कराया जाए ताकि यहां पढ़ने वाले बच्चों और शिक्षकों की जान खतरे में न पड़े।

### विकास के नाम पर फंड की कमी

मैहर की ग्राम पंचायत अजमाइन में विकास कार्यों के लिए फंड की कमी का मामला सामने आया है। पंचायत के सरपंच और सहायक सचिव कथित तौर पर ग्रामीणों को यह समझा रहे हैं कि सरकार के पास फंड नहीं है, क्योंकि सारा पैसा 'लाड़ली बहना' योजना में चला गया है। एक ग्रामीण शिवकुमार ने शौचालय निर्माण की राशि मांगी तो उसे बताया गया कि सरकार गरीब है और अब शौचालय भूल जाओ। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सरपंच और सहायक सचिव की मिलीभगत से सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है,जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

## पूर्व विधायक नीलांशु की पत्नी की रिवाल्वर जांच के लिए सागर और नौकरानी सुमन का विसरा आज रीवा भेजा जाएगा

**सतना।** चित्रकूट के पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी की पत्नी की लायसेंसी रिवाल्वर को जांच के लिए आज सागर भेजा जाएगा,जबकि उनकी नौकरानी सुमन का विसरा रीवा भेजा जाएगा। इस कदम का उद्देश्य आत्महत्या के मामले में सच्चाई का पता लगाना है। यह घटना चित्रकूट में हुई थी,जहां पूर्व विधायक की पत्नी की रिवाल्वर से गोली चलने से उनकी नौकरानी सुमन की मौत हो गई थी। शुरुआती जांच में यह सामने आया था कि सुमन ने आत्महत्या की है। फॉरेंसिक जांच में भी कई तथ्य स्पष्ट नहीं हो पाए हैं,जिसके कारण पुलिस ने विस्तृत जांच का निर्णय लिया है। पुलिस के अनुसार रिवाल्वर को सागर में स्थित फॉरेंसिक लैब भेजा जाएगा। यह लैब देश की सबसे उन्नत लैब्स में से एक है। यहां पर रिवाल्वर से चली गोली के बारे में वैज्ञानिक तरीके से जांच की जाएगी,जिससे यह पता चल सके कि गोली किस कोण से और कितनी दूरी से चलाई गई थी। इसके अलावा,यह भी पता लगाया जाएगा कि रिवाल्वर को किसने चलाया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अभी मृतका के परिजनों के बयान कलम पत्र नहीं हुए हैं। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## जीतू और बालेश पर मनगढ़ंत आरोप लगाने वाले पर हो कार्रवाईः कांग्रेस



**सतना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी और कांग्रेस नेता बालेश त्रिपाठी पर सोशल मीडिया के माध्यम से अपहरण और हत्या के प्रयास का मनगढ़ंत आरोप लगाने वाले अरुण शर्मा के खिलाफ कांग्रेस ने कार्रवाई की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष मकसूद अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायत में कहा गया है कि इंदौर में रह रहे अरुण शर्मा ने फेसबुक पर झूठे आरोप लगाकर पटवारी और त्रिपाठी की छवि खराब करने की कोशिश की है। कांग्रेस ने मांग की है कि शर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान उर्मिला त्रिपाठी,कुलदीप द्विवेदी,ज्ञानेंद्र मिश्रा और अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# भदनपुर घाटी में भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की मौत




**मैहर।**

मैहर-बरही रोड पर भदनपुर घाटी में एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। ओवरलोड ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर चालक और एक अन्य युवक उसके नीचे दब गए। अल्ट्राटेक सीमेंट के सहयोग से दोनों को निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही बदेरा थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को मैहर अस्पताल भेजा। सूत्रों के अनुसार,ट्रैक्टर सतना का बताया जा रहा है। एक मृतक बंधा के कुशवाहा परिवार का और दूसरा सतना का था। ट्रैक्टर मालिक घटना स्थल पर पहुंच रहे हैं।

# हाई वोल्टेज से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खराब

**मैहर।**



कई मोहल्लों और वार्डों में पिछले कुछ दिनों से हाई वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान हैं। निवासियों का आरोप है कि अचानक वोल्टेज बढ़ने से उनके घरों के टीवी,फ्रिज,कूलर,पंखे और इनवर्टर जैसे महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल रहे हैं। स्थानीय निवासी शारदा पटेल,शिवा नायक और सुनील द्विवेदी ने बताया कि पिछले तीन दिनों में वोल्टेज 270 से 290 वोल्ट तक पहुंच गया,जिससे उनके इनवर्टर और एलईडी टीवी खराब हो गए। शिकायत के बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कोई समाधान नहीं किया। कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी और अन्य उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों के ट्रांसफॉर्मरों और लाइनों की जांच कराई जाए,दोषियों पर कार्रवाई हो और जिन उपभोक्ताओं को नुकसान हुआ है,उन्हें तुरंत मुआवजा दिया जाए। विद्युत अधिनियम 2003 के अनुसार,विद्युत कंपनियों की यह जिम्मेदारी है कि वे उपभोक्ताओं को स्थिर वोल्टेज की आपूर्ति सुनिश्चित करें।

# स्मार्ट सिटी इंक्यूबेशन सेंटर द्वारा इंटर्नशिप ड्राइव का सफल आयोजन: 68 छात्रों का हुआ चयन

**सतना।**



स्मार्ट सिटी इंक्यूबेशन सेंटर ने शहर के युवाओं को स्टार्टअप्स से जोड़ने और उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से एक सफल इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन किया। कलेक्टर सतीश कुमार एस और ईडी स्मार्ट सिटी शेर सिंह मीणा के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल में शहर के तीन प्रमुख कॉलेजों,एकेएस यूनिवर्सिटी,रामाकृष्ण कॉलेज और अन्य कॉलेज,के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस इंटर्नशिप ड्राइव में 450 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया,जिनमें से 300 छात्रों को इंटरव्यू राउंड में शामिल होने का अवसर मिला। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद,कुल 68 योग्य विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्टार्टअप्स में इंटर्न के तौर पर हुआ। ड्राइव में 19 स्टार्टअप्स ने हिस्सा लिया,जिन्होंने व्यावसायिक ज़रूरतों के अनुसार छात्रों को हायर किया। इन स्टार्टअप्स में स्काईन्क्यू, योर लैब, यूनिक-ई,वीस्टाइलयू,यूनिबाज़ार,एमएसयू वैच, क्रिएटिव कैटलिस्ट,रिसायकल, लोकल करो, दीपल उद्योग,बंबू वर्ल्ड,सवायसहील,ओएफएसएल टेक्नो सॉल्यूशंस प्रा.लि.,ज़र्फप्ले,नेस्ट ऑफ मॉम्स,बाला,ट्यूटरबडीज़,पंपकिन कॉस्मेटिक्स,द ऑनलाइन एक्सपर्ट,और कृषेष आउटफिट्स शामिल थे। चयनित छात्रों को मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, रिसर्च, सोशल मीडिया,कंटेंट राइटिंग,डेवलपमेंट और एडमिन जैसे विभिन्न विभागों में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। यह इंटर्नशिप छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ वास्तविक प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अनुभव देगी,जिससे उनके करियर को एक नई दिशा मिलेगी। स्मार्ट सिटी ई-गवर्नेंस मैनेजर दीपेन्द्र सिंह राजपूत ने सभी चयनित विद्यार्थियों को औपचारिक नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर इंक्यूबेशन सेंटर के शांतनु सिंह परिहार,संजना सिंह और विष्णुकांत चौरसिया सहित कई स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## लायन्स क्लब मैहर का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**मैहर।** लायन्स क्लब मैहर का शपथ ग्रहण समारोह सरना पैलेस में संपन्न हुआ। डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक ने सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इसमें लायन तरनजीत सिंह सरना को अध्यक्ष,लायन नीरज गर्ग को सचिव और लायन राकेश वर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। नागेंद्र सिंह बघेल को नए सदस्य के रूप में क्लब की सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम में लायंस हेल्पिंग हैंड क्लब सतना और फेंटू क्लब मैहर के सदस्य भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### फील्ड ग्राउंड में युवक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज।** पुलिस थाना अमानगंज में फरियादी गजेंद्र सोनी पिता राम प्रकाश सोनी उम्र 27 वर्ष निवासी बाजार मोहल्ला वार्ड क्रमांक 9 अमानगंज ने मुंह जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि मैं नगर अमानगंज के फील्ड ग्राउंड में क्रिकेट खेल रहा था की तभी वहीं मौजूद चांद खान निवासी रंगरेज मोहल्ला के पास से मैं निकला तो वह बुरी बुरी गालियां देते हुए कहने लगा कि यहां से मत निकालो तो मैंने कहा कि क्यों तुम्हें क्या दिक्कत है, तो उसने इस बात को लेकर मेरे साथ मारपीट कर दी। जिससे मेरे हाथ और गले में चोटें आई हैं। फरियादी की सूचना पर अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामला विवेचना लिया।

### नयाखेरा के पास ऑटो पलटने से 11 लोग घायल



**पवई।** थाना क्षेत्र के पवई-करहीं रोड पर नयाखेरा के पास ऑटो पलटने से 11 लोगो के घायल होने का मामला सामने आया है. बताया जाता है कि पवई नगर के वार्ड नम्बर 8 निवासी मुलिया चौधरी, सोमवाती चौधरी, बारिलाल चौधरी, देवरा चौधरी, कस्तूरी बाई, झनकी बाई, कौसालिया चौधरी, आरती चौधरी, ननती बाई, राममिलन चौधरी, भगवती बाई धान रूपाई हेतु छिरहा हार जा रहे थे। तभी नयाखेरा के पास ऑटो अनियात्रित होकर पलटने से सभी लोग घायल हो गए। आनन फानन में सभी घायल सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पवई पहुंचे, जहाँ डॉक्टर अंकित पाण्डेय एबं स्टॉफ द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया. गंभीर रूप से 2 घायलों को जिला अस्पताल पन्ना रेफर किया गया।

### बलराम जयंती एवं जन्माष्टमी पर्व की तैयारी की बैठक आज

**पन्ना।** आगामी 14 अगस्त को बलराम जयंती एवं 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व आयोजन की रूपरेखा निर्धारित करने एवं आवश्यक तैयारियों के दृष्टिगत शुक्रवार, 1 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शाम 4 बजे से बैठक का आयोजन किया गया है। यह तैयारी बैठक कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में होगी। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने बैठक में समस्त शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल, चलती बाइक से भैंस टकराई, हिनोती में घटना घटी



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत आज दोपहर लगभग 11:30 बजे एक मोटर बाइक जो अमानगंज की ओर आ रही थी जैसे ही हिनोती को पार की तो अचानक एक तेज रफ्तार भैंस मोटर बाइक से जा टकराई जिससे बाइक मुख्य सड़क मार्ग पर जा गिरी और दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे तत्काल ही इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज दाखिल कराया गया और प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय पन्ना के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के विषय में ज्ञात हुआ है, कि बाइक चालक सिरसी से अमानगंज अपने निजी कार्य से आ रहा था और जैसे ही हिनौती को टच किया तो एक भैंस उसकी मोटर बाइक से टकरा गई। घटना में उसकी बहू मालती दीक्षित पति आशीष दीक्षित उम्र 28 वर्ष निवासी सिरसी घटना में घायल हो गई। उसके सर और चेहरे पर चोटे बताई गई। प्राथमिक उपचार डॉक्टर आशीष जी तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ जिन्होंने उसे इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। हालांकि परिजन उसे इलाज के लिए सतना ले गए। याद हो कि आजकल सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण आवारा पशु है, जो सड़कों पर खुलेआम घूम रहे हैं। चाहे शहर के बाहर हो या मुख्य सड़क बाजार पर कहीं भी दुर्घटना घटित कर देते हैं। इस विषय में जिला प्रशासन के निर्देश के बाद भी पशु मालिक अपने-अपने जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर नहीं रखते हैं और लगातार इन जानवरों की वजह से घटनाएं घटित होती चली जा रही है और यह घटना भी आवारा पशु जानवरों की वजह से घटित हुई है।

समय सीमा में अपेक्षित कार्यवाही के दिए निर्देश

# पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ विभागीय अधिकारी शासकीय दायित्वों का करें निर्वहन : संभागायुक्त

**पन्ना।** शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी हितग्राहीमूलक योजनाओं में बगैर कारण के राशि भुगतान में विलंब न हो। सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी पूरी पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ तन्मयता से शासकीय दायित्वों का निर्वहन करें। आमजनों के साथ अच्छा व्यवहार भी रखें। यह बात सागर संभाग के नवागत कमिश्नर अनिल सुचारी ने गुरूवार को कलेक्टेट सभाकक्ष में संपन्न विभागीय समीक्षा बैठक में कहीं। संभागायुक्त श्री सुचारी ने पन्ना के प्रथम प्रवास के दौरान आयोजित परिचयात्मक समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को समय सीमा में अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री सुचारी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं में लक्ष्य अनुरूप प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के शेष कार्यों को बारिश के बाद अनवरत रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत विकासखण्डवार लक्ष्य मुताबिक पौधरोपण की कार्ययोजना पर चर्चा कर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के तहत बच्चों को मीनू अनुसार पौष्टिक भोजन के वितरण, रसोईयों का समय पर भुगतान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के प्रकरणों का समय पर निराकरण सहित कल्याणी विवाह योजना के प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन व बेहतर क्रियान्वयन के लिए निरीक्षण व्यवस्था को भी प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित परियोजनाओं के परीक्षण व टंकी निर्माण सहित अन्य कार्यों को भी तय समय सीमा में पूर्ण करने की हिदायत दी। साथ ही फॉरेस्ट क्लीयरेंस सहित साइट वेरीफिकेशन कार्य भी जल्द पूर्ण कराने तथा निरंतर रूप से कार्यों की मॉनीटरिंग की बात भी कही। उन्होंने कहा कि कार्य उपरांत समानांतर रूप से रोड रेस्टोरेशन कार्य भी पूर्ण कराया जाए, जिससे आमजनों को परेशानी का सामना न करना पड़े।






### 31 अगस्त तक हैण्डओवर करें सांदीपनि विद्यालय पन्ना का भवन

कमिश्नर श्री सुचारी ने सांदीपनि विद्यालय पन्ना के निर्माण एजेन्सी के अधिकारी से भवन पूर्णता तथा गुणवत्ता संबंधी कार्यों की जानकारी लेकर आगामी 31 अगस्त तक भवन हैण्डओवर करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी 31 अक्टूबर तक जिला अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण का कार्य पूर्ण करने के लिए भी कहा। इस दौरान सीएमएचओ को स्वास्थ्य संस्थाओं में सुधार के लिए अपेक्षित प्रयास करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न योजनाओं में गत वर्ष से बेहतर परिणाम लाने के निर्देश दिए। सभी परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकों के कार्य की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, पोषण आहार वितरण की निगरानी व सत्यापन के लिए वीडियोग्राफी कराने, लाडली लक्ष्मी योजना एवं मातृ वंदना योजना में समस्त पात्र बालिकाओं व महिलाओं को लाभांवित करने सहित पोषण पुर्नवास केन्द्रों को निरंतर सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों के नामांकन स्थिति की जानकारी लेकर गत वर्ष में 50 प्रतिशत से कम परिणाम वाले स्कूलों को खराब रिजल्ट के कारणों पर फोकस कर वर्तमान सत्र में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही समय पर किताब वितरण, संस्था में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की मॉनिटरिंग, जनप्रतिनिधियों से साईकिल वितरण कराने सहित सतत रूप से शालाओं के निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया।

### नामांकन, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरण न रहें लंबित

कमिश्नर ने कहा कि समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निर्धारित दिवसों पर न्यायालय में बैठना सुनिश्चित करें। इसके लिए अधीनस्थ अधिकारियों को भी पाबंद किया जाए, जिससे पक्षकारों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। अपरिहार्य कारणों से राजस्व न्यायालय में न बैठने की स्थिति में पूर्व सूचना दें। उन्होंने समस्त राजस्व अधिकारियों को दौरा प्रोग्राम निर्धारित कर टूर डायरी संधारित करने के लिए भी कहा। साथ ही नामांकन, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों में समय पर वांछित कार्यावाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके अलावा राजस्व अधिकारियों को नसीहत दी की बगैर दर्ज किए कोई भी प्रकरण लंबित न रहें तथा प्राथमिकता क्रम से आवेदकों के सीमांकन प्रकरणों का निपटारा हो। अधीक्षक भू अभिलेख को डिजिटाईजेशन कार्य एवं जीर्ण-शीर्ण नक्शों संबंधी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। फसल बीमा के प्रकरणों में सूक्ष्मता से निरीक्षण की बात भी कही। श्रम विभाग अंतर्गत संबंधित अधिकारियों को समन्वय कर स्थानीय निकायों के संबल योजनाओं के प्रकरणों का अविलंब निराकरण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों में भी संवेदनशीलता के साथ प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। वन विभाग अंतर्गत पौधरोपण कार्यों की जानकारी ली। इसके अलावा खाद्य विभाग अंतर्गत तीन माह के एकमुश्त राशन का पारदर्शिता के साथ वितरण तथा समय पर खाद्यान्न उठाव के निर्देश भी दिए। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तहत उद्यानिकी फसलों के रकबा तथा विभागीय योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों के संबंध में पूछा।

### कृषि विभाग का मैदानी अमला किसानों के सतत संपर्क में रहे

संभागायुक्त द्वारा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक से बोवनी की स्थिति, मुख्य फसलों के उत्पादन, बीज वितरण सहित खाद उपलब्धता के बारे में जानकारी लेकर सैम्पलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को किसानों के सतत संपर्क में रहकर समस्याओं के समाधान तथा लाभकारी कृषि कार्यों एवं योजनाओं के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी को केसीसी, टीकाकरण तथा गौशालाओं में गौवंश के लिए समुचित प्रबंध सहित विभिन्न योजनाओं में हितग्राही चयन के संबंध में निर्देशित किया गया।



इसी तरह जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान छात्रवृत्ति एवं शिष्यवृत्ति के भुगतान, छात्रावासों में गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न एवं सामग्री की उपलब्धता सहित शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को लाभ प्रदान करने सहित नियमित रूप से छात्रावासों के निरीक्षण के लिए अधिकारियों को पाबंद करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शत प्रतिशत सेचुरेशन के निर्देश भी दिए गए।

### बिजली आपूर्ति व्यवस्था में लाएं सुधार

कमिश्नर ने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा घरेलू, ग्रामीण व कृषि फीडर अंतर्गत बिजली आपूर्ति व वितरण व्यवस्था में सुधार का प्रयास किया जाए। कृषि फीडर में निर्धारित 10 घंटे बिजली सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित हो। विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर का भी अविलंब सुधार कार्य पूर्ण किया जाए। साथ ही शिविर लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान हो। ग्राम पंचायतों में पेयजल नल कनेक्शन के बेहतर संचालन के लिए भी विद्युत लाइन संबंधी सुधार कार्य तत्काल करें। कमिश्नर ने लोक निर्माण विभाग के पुल-पुलिया में आवश्यक सुधार कार्य के संबंध में भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जल संसाधन विभाग के अधिकारी को बांधों की मॉनिटरिंग, जानकारी अद्यतन रखने सहित भू अर्जन से संबंधित समस्या के निराकरण एवं विस्थापन राशि के समुचित रूप से वितरण के लिए निर्देशित किया। किसी भी स्थिति में बगैर सूचना के बांध से पानी नहीं छोड़ने एवं स्थिति का आकलन कर पानी छोड़ने के निर्देश भी दिए। साथ ही केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत विस्थापित ग्राम एवं परिवारों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सुरेश कुमार सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, एसडीएम संजय नागवंशी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

कमिश्नर श्री सुचारी ने समीक्षा बैठक के उपरांत बायपास रोड स्थित शासकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान यहां निवासरत छात्रों से आवश्यक सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने बताया कि छात्रावास में खाने की गुणवत्ता ठीक नहीं है। साथ ही टंकी व मोटर खराब होने से पेयजल की समस्या भी बनी रहती है। यहां टेलीविजन की उपलब्धता भी नहीं है। साथ ही पर्याप्त प्रकाश एवं साफ सफाई का भी अभाव है। इस पर कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त कर अधीक्षक को फटकार लगाई एवं सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी। उन्होंने छात्राओं से अन्य समस्याओं के बारे में भी पूछा तथा व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही महत्वपूर्ण संपर्क नंबर इंद्राज कराने सहित वांछित तथा जरूरी कार्यों के प्रस्ताव के संबंध में जिला संयोजक से चर्चा की। संभागायुक्त ने छात्रावास परिसर एवं शौचालयों का भी अवलोकन किया। इस दौरान भी सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अभाव पाया गया।

# स्थानीय स्वाशासन को मजबूत करने में पंचायत मित्रों की भूमिका अहम



### स्थानीय संस्थाओं की मजबूती से आयेगा स्वाशासन

**पन्ना।** स्थानीय स्वाशासन की मजबूती के लिये स्वयं सेवी संस्था लगातर काम कर रही है। जिले में लगभग 100 से अधिक युवाओ को पंचायत राज एवं ग्राम स्वाराज अधिनियम के मंशनुरूप विकास में जनभागीदारी एवं स्थानीय संस्थाओ की क्षमतावृद्वि के लिये युवाओ को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अजयगढ़ में लगभग 60 पंचायत मित्र एवं जलवायु एवं लेन्डर की समझ रखते हुए ग्राम नियोजन पर प्रशिक्षण ले रहे है। संस्था के वरिष्ठ साथी राजकुमार मिश्रा ने स्थानीय स्वाशासन पर समझ विकसित की गई। गतिविधि का चयन, विश्लेषण एवं सही मुद्दो की पहचान करना सिखाया गया। दीपक एवं सुरेन्द्र ने एमवांटर तकनीक का उपयोग करना सिखाया ताकि समय पर रिपोटिंग सिखाई गई। ज्ञानेन्द्र तिवारी ने नियोजन में महिलाओ के मुद्दो को प्राथमिकता से रखने एवं बजट पर जानकारी दी। ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने में 9 थिमेंटिंक क्षेत्र को समझकर 29 विषय पर योजना बनाने में युवा जनता और पंचायत के मध्यम समन्वय कर सकेगे। ग्राम सभा का महत्व कृ युवाओ को ग्राम सभा के महत्व पर समझ विकसित की गई। ग्राम सभा के पहले महिला ग्राम सभा के आयोजन एवं महिलाआ के लिये योजना में बजट एवं गतिविधियाँ जोंड़ी जा सके। सभी ग्रामीण अपने गांव के विकास का सपना देखे एवं उसको जमीन पर उतारे ये सब ग्राम सभा से ही संकल्प पारित होगा। दो दिवशीय प्रशिक्षण मे लगभग 30 पंचायत मित्र शामिल रहे।

# प्रेमचंद की साहित्यिक यात्रा को समर्पित कार्यक्रम संपन्न

पन्ना। छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ एस डी चतुर्वेदी एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ बी एन जायसवाल के निर्देशन में कलम के सिपाही प्रेमचंद को समर्पित साहित्यिक यात्रा विषय पर एक विशेष साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन कला भवन में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन हिंदी के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की स्मृति को समर्पित था। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्यिक अभिरुचि का विकास, अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहन, तथा प्रेमचंद की प्रासंगिक दृष्टि से समाज को समझने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत दो प्रमुख प्रतियोगिताएँ निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गईं। निबंध प्रतियोगिता में प्रेमचंद का यथार्थवाद, ग्रामीण जीवन की झलक, आधुनिक भारत में प्रासंगिकता जैसे विचारोत्तेजक विषयों पर प्रतिभागियों ने अपनी विचारशील लेखनी प्रस्तुत की। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रेमचंद समाज के दर्पण तथा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने प्रभावशाली वक्तृत्व प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं मूल्यांकन डॉ राम मोहन तिवारी (अंग्रेजी विभाग), डॉ. गुलाबधर (अंग्रेजी विभाग), शुभम पाठक (संस्कृत विभाग), डॉ अरविंद मंडेलिया (राजनीति विभाग), डॉ बरदानी प्रजापति (हिंदी विभाग), एवं डॉ पुष्पराज चौरसिया (अर्थशास्त्र विभाग), के मार्गदर्शन में किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोहित रैकवार बी एससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान सचिन पाठक एमए तृतीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान सोना लोधी एमए तृतीय सेमेस्टर को प्राप्त हुआ तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान वर्मा बी कॉम प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान मोहित रैकवार द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान देशराज चौधरी एमए प्रथम सेमेस्टर को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को प्रेमचंद के साहित्य से जोड़ने और उनकी सामाजिक दृष्टि को आत्मसात करने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध की। छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता ने यह सिद्ध किया कि नई पीढ़ी में साहित्यिक चेतना आज भी जीवंत है। प्रभारी प्राचार्य डॉ पी पी मिश्रा ने इस कार्यक्रम की काफी प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में डॉ बी एन जायसवाल,डॉ सिद्धू सिंह, डॉ सचिन गोयल, डॉ नंद कुमार पटेल एवं अन्य प्राध्यापक साथी के अतिरिक्त बड़ी मात्रा में छात्र उपस्थित रहे।




# रेनबो पब्लिक स्कूल से निकली जीव दया समर्पण समिति की प्रेरणास्पद रैली को मिला जन-सैलाब जैसा समर्थन





**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर में आज जीव दया समर्पण समिति के तत्वावधान में एक विशाल और मार्मिक गौ सेवा जनजागरण रैली का आयोजन किया गया, जो रेनबो पब्लिक स्कूल से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री राम मंदिर चौराहा पर आकर सम्पन्न हुई। इस रैली का उद्देश्य नगरवासियों में निराश्रित और बीमार पशुधन विशेषकर गौवंश के लिए संवेदना, समर्पण और सहयोग का भाव जाग्रत करना था। रैली का प्रभावी संचालन युवा पत्रकार सुरेंद्र सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने भावनात्मक संबोधन में नगरवासियों से यह अपील की कि "निराश्रित पशुओं की सेवा केवल धर्म नहीं, अपितु मानवता का मूल कर्तव्य है।" उनकी अपील ने जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया और गौ सेवा के प्रति नवचेतना का संचार किया। इस रैली के मुख्य संयोजक गौ सेवक बृजबिहारी रावत, सौरभ जैन एवं उनकी समर्पित टीम रहे। विशेष उल्लेखनीय है कि जब अधिकांश लोग मायूसी में थे, तब सौरभ जैन (पुत्र संतोष जैन जी) ने नेशनल हाईवे के किनारे अपनी आधा एकड़ जमीन समर्पित कर, अब तक चार से पाँच लाख रुपये व्यय कर गौ सेवा केंद्र की स्थापना की, जो दुर्घटना और बीमारी से ग्रसित पशुओं के लिए आज एक बड़ा सहारा बन चुका है। सरस्वती शिशु मंदिर/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और रेनबो पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रैली में विशेष भागीदारी की। "गौ माता की सेवा सच्ची मानवता की राह" जैसे नारों के साथ छात्र रैली का प्राण बन गए। सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य पूरन सिंह राजपूत, प्रधानाचार्य शिवेंद्र नामदेव और आचार्य अंकुश शर्मा की प्रेरणादायी भूमिका रही, वहीं रेनबो पब्लिक स्कूल के संचालक प्रमित अग्रवाल एवं शिक्षक कृष्ण अग्रवाल ने रैली को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया। इस आयोजन में ललित गुप्ता, दुर्गेश गोस्वामी, कमलेश जैन,सामाजिक कार्यकर्ता ,जनप्रतिनिधि,पत्रकार बंधु,व्यापारी एवं धार्मिक व्यक्ति सुरेंद्र जैन, ,सामाजिक कार्यकर्ता एवं पंच-सरपंचगण, गणमान्य नागरिक, बच्चों और महिलाओं की उपस्थिति ने रैली को ऐतिहासिक बना दिया। रैली में विभिन्न सामाजिक संगठनों सहित अनेक जागरूक नागरिकों ने भाग लिया और तन-मन-धन से गौ सेवा में सहभागी बनने का संकल्प लिया। रैली मार्ग पर कई स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया। यह रैली देवेंद्रनगर में जीव दया, सामाजिक उत्तरदायित्व और जनचेतना का एक जीवंत प्रतीक बन गई, जो आने वाले समय में भी अनेक लोगों को सेवा, समर्पण और करुणा के पथ पर प्रेरित करती रहेगी।

# सड़क के लिए मोहताज मजरा उमड़ा नेगवां के निवासी



**गुनौर।** मंडलम कांग्रेस कमेटी कठबरिया के अध्यक्ष एवं समाजसेवी रजित (मोनू)पाठक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान में दो दशक से प्रदेश में भाजपा सरकार है जिनके कार्यकरता से लेकर मुख्यमंत्री तक अपने आप को यशस्वी कहते हुए नहीं चूकते हैं जबकि जमीनी हकीकत ये है कि कई ग्रामों में पहुंच मार्ग तक नहीं है बूढ़े बच्चे गर्भवती महिलाए कीचड़ से सने हुए मार्गो से निकलने को मजबूर हो रहीं है अभी वर्तमान मामला ग्राम पंचायत भिटारी के ग्राम उमडा नेगवां, मजरा का है जहां रहवासी बड़े संकट में जीवन यापन कर रहे हैं आने जाने के लिए खस्ताहाल कीचड़ से सना हुआ मार्ग है ऐसे मार्ग देखकर जानवर भी जाने से कतराते हैं वहीं इन तीन गांव के निवासी इसी मार्ग से निकलने को मजबूर हो रहे हैं देखकर ही अचरज हो रहा है कि आखिर किस प्रकार यहां से लोग निकल रहे होंगे ग्रामीणों के अनुसार बच्चे भी इसी रस्ते से स्कूल जाते हैं। श्री पाठक ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि गुन्नौर विधानसभा के सलेहा क्षेत्र के अधिकतर ऐसे गांव है जिनके मुख्य मार्ग कीचड़ से सने हुए है परंतु वर्तमान सरकार अपने आपको यशस्वी कहने, बैनर पोस्टर में,ओर सोशल में मीडिया में व्यस्त है जबकि जनता इस डबल इंजन की सरकार की दोहरी मार से परेशान है। हम सरकार से आग्रह कर रहे हैं ओर हमारे कुछ वरिष्ठ नेताओं ने जिले के अन्य जगहों पर इन्हीं प्रकार के रास्तों पर लेटकर प्रदर्शन भी किया है परंतु इस गूंगी बहरी सरकार का यशस्वी होने का भ्रम नहीं टूट रहा है।

# कलेक्टर के निर्देश के बाद भी सड़कों से नहीं हट पा रहा गौवंश, नशें में धुत ट्रक चालक ने 3 गायों को रौंदा



छतरपुर।

पिछले दिनों एनएच में ट्रक चालक द्वारा कई गायों को कुचल कर मौत की नींद सुलानें के बाद जब यह घटना शुर्खियों में आई तो कलेक्टन ने टीएल बैठक में जनपद सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि सड़कों पर बैठने बाले गौवंश को गौशाला में शिफ्ट कराया जाए करीब एक सप्ताह बीत चुका हैं लेकिन ना तो जनपद सीईओ ने कलेक्टर के आदेश पर अमल शुरू किया और न ही नगर पालिका सीएमओं ने गौवंश को सड़कों से गौशाला में शिफ्ट किया। जिससे गुरूवार को एक हादसा हो गया एक नशे में धुत ट्रक चालक ने जवाहर रोड़ पर 3 गायों को रौंद दिया ट्रक चालक द्वारा गौवंश को टक्कर मारने से उन्हें काफी चोटे आई। इस घटना के बाद जवाहर रोड़ पर जाम की स्थिति बन गई गौ सेवकों को जैसे ही इसकी जानकारी लगी तो कई गौ सेवक मौके पर पहुंचे और सड़क पर घायल पड़े गौवंश को एक तरफ कर के उनका उपचार शुरू कराया बताया जाता है कि इनमें से एक गौवंश की मौत भी हो चुकी है। इसी तरह सड़कों पर जगह जगह गौवंश को बैठे देखा जाता है। जबकि कागजों में हर पंचायत में गौशाला संचालित हो रही है फिर सड़कों पर बैठने वाले गौवंश को गौशाला भेजने में जनपद सीईओ और नगर पालिका सीएमओ कोताही क्यों बरत रहें है। अगर इनके द्वारा कलेक्टर के आदेश का पालन किया गया होता तो सड़कों पर गौवंश दिखाई न देता।


### कागजों में चल रही गौशालाएं, नहीं दिख रहा गौवंश

शासन ने प्रत्येक पंचायत में गौशालाए पंचायतों के माध्यम से बनवाई है। लेकिन अधिकांश गौशालाएं कागजों में संचालित हो रही है कहीं गौशाला बनी है तो कहीं नही बनी कहीं गौशाला के नाम पर पैसा भी हड़प लिया गया गौशालायों में गौवंश के भोजन पानी की व्यवस्था भी पंचायतों को सौपी गई है। लेकिन पंचायते इस व्यवस्था पर खरी नही उतर रही है। पंचायतों को मिलने बाला बजट विकास कार्यो में कम खर्च किया जाता है, बल्कि आपस में बदरबांट कर लिया जाता है। जिन गौशालायों में कुछ गौवंश रखने की व्यवस्था भी की गई है उन गौशालायों में गौवंश के चारे की व्यवस्था नही है। जिससे गौवंश भूखा मर रहा है। इसके अलावा जिले में और भी गौशाला संचालित हो रही है। जिन्हें शासन से अनुदान प्राप्त होता है और अनुदान इसलिए दिए जाता है कि बहां गौवंश के भोजन पानी की व्यवस्था हो सकें गौशालायों में लाचार और बीमार गायों को रखने के लिए निर्देश है लेकिन गौशालायों में लाचार और बीमार गौवंश नही मिलेगा जबकि कई गौशालायों को लाखों रूपए का बजट अनुदान के रूप में किया जा रहा है। फिर भी गौशालाओं में गौवंश के लिए समुचित व्यवस्था नही है।

### कई गौशालाओं में नही है गौवंश

जिले में दो दर्जन से अधिक अनुदान प्राप्त गौशालाए चल रही है लेकिन इन गौशालाओं में फर्जी गौवंश दिखाकर शासन से अनुदान प्राप्त किया जा रहा है जबकि गौशालाए खोलने के वाईलाज में स्पष्ट निर्देश है कि अनुदान प्राप्त गौशालाओं में विकंलाग बीमार और अपाहिज गौवंश को प्राथमिकता के साथ रखा जाए लेकिन गौशाला संचालक शासन के इस नियम की भी धज्जियां उडा रहे है। अगर प्रशासन की और से एक टीम बनाकर इन गौशालाओं की जांच कराई जाए तो एक दर्जन से अधिक गौशालाओं में गौवंश देखने को नही मिलेगा जबकि उनके द्वारा गौवंश के नाम पर अनुदान प्राप्त किया जा रहा है इसलिए इसकी जांच कराई जाए तो फर्जीवाडा. सामने आ जाएगा। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि बस स्टैंड के समीप एक ट्रक चालक ने गौवंश को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक चालक और उसके सहायक को पकड़ लिया और विवाद होने लगा। सड़क पर विवाद होने के कारण कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक तथा उसके सहायक को थाने ले जाकर मामला दर्ज किया गया। वहीं घायल गौवंश को पशु अस्पताल पहुंचाकर उपचार मुहैया कराया गया। जाम की स्थिति को यातायात पुलिस द्वारा शीघ्र सामान्य कराया गया।

## खबर संक्षेप



### भीमकुंड में दिखा रूस के भूकंप का असर, जल में हुई उथल-पुथल

बड़ामलहरा। बाजना के समीप स्थित पर्यटक स्थल भीमकुंड में एक बार फिर रहस्मयी घटना हुई है। स्थानीय लोगों का पहले से ऐसा मानना रहा है कि जब भी दुनिया में कहीं प्राकृति आपदा आती है, तब भीमकुंड के जल में हलचल होने लगी है। बुधवार को इसका उदाहरण भी तब देखने को मिला जब टीवी पर रूस के भूकंप की खबरें चल रहीं थी। दरअसल कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने इस बात की पुष्टि की है जब रूस में भूकंप आया तब कुछ देर के लिए भीमकुंड के जल में भी उथल-पुथल देखने को मिली, इससे जुड़े कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। रूस के भूकंप के समय भीमकुंड के जल में अचानक उथल-पुथल देखी गई, जिसने सभी को आश्चर्य में डाल दिया। प्राकृतिक और खगोलीय घटनाओं का कुंड के अथाह जल से संबंध एक रहस्यमयी शोध का विषय बन गया है। भीमकुंड के महंत स्वामी शंकर्षणाचार्य ने बताया कि भारी बारिश के कारण कुंड का जलस्तर पहले ही बढ़ चुका था। बुधवार सुबह कुंड के शांत जल में अचानक हलचल शुरू हो गई, और जल उछाल मारने लगा। कभी उछाल तेज होती तो कभी कम, यह क्रम काफी देर तक चला, जिसके बाद जल फिर से सामान्य हो गया। यह घटना रूस में आए 8.8 तीव्रता के भूकंप के बाद हुई, जिसने प्रशांत महासागर में सुनामी लहरें पैदा की थीं। आश्रम में रहने वाले छात्रों, अध्यापकों और श्रद्धालुओं ने इस प्राकृतिक घटना को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया।

### कब्रिस्तान में तोडफ़ोड़ से मुस्लिम समाज में आक्रोश



### *कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग*

छतरपुर।

खजुराहो थाना क्षेत्र में मौजूद मुस्लिम समाज के एक ऐतिहासिक कब्रिस्तान में जेसीबी मशीन से तोडफ़ोड़ और कब्रों को खोदे जाने की घटना सामने आने के बाद मुस्लिम समाज में भारी आक्रोश है। गुरुवार को समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध दर्ज कराया और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खजुराहो थाना क्षेत्र के ग्राम अचनार में स्थित लगभग 100 वर्ष पुराने कब्रिस्तान में हरियाणा निवासी शिवकुमार यादव और उनके गुर्गों पर जेसीबी से मजारें तोडने और कब्रें खोदे जाने का आरोप लगाया गया है। समाज के इकराम हफीज ने बताया कि यह कब्रिस्तान दशकों से मुस्लिम समाज के उपयोग में है, जहां उनके पूर्वज दफन हैं। पूर्व में खसरा नंबर 48 की भूमि शासकीय दर्ज थी लेकिन कुंज बिहारी और उनके परिवार ने बिना आदेश के राजस्व रिकॉर्ड में अपने नाम दर्ज करा लिया। कब्रिस्तान में तोडफ़ोड़ और मिट्टी खोदे जाने का एक वीडियो भी सामने आया है। समाज ने जमीन विवाद के चलते धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाकर पुलिस और एसडीएम से शिकायत की लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। डिप्टी कलेक्टर कमलेश सिंह ने मामले की जांच के लिए एसडीएम को निर्देश दिए हैं।

## आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक में स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला बाल विकास ने किया बेहतर प्रदर्शन



संपूर्णता अभियान में बेहतर कार्य करने पर अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

**छतरपुर।** गुरुवार को छतरपुर शहर के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय सम्पूर्णता अभियान की सफलता पर सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप्रज्जवन कर जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, उपाध्यक्ष जिपं पार्वती राजपूत, जनपद अध्यक्ष रजनी यादव, सांसद प्रतिनिधि शशिकांत अग्निहोत्री द्वारा किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी जिला छतरपुर एवं आकांक्षी विकास खण्ड बकस्वाहा में 01 जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 के मध्य संपूर्णता अभियान चलाया गया था। जिसका उद्देश्य नीति आयोग भारत सरकार द्वारा निर्धारित 06 प्रमुख संकेतकों को संतृप्त करना था। साथ ही 28 जुलाई से 02 अगस्त 2025 के मध्य संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। जिस अनुक्रम में जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के आयोजन में अतिथियों द्वारा श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिपं अध्यक्ष श्रीमती अग्निहोत्री ने संबोधित करते हुए निर्धारित सूचकांकों में शत्-प्रतिशत उपलब्धि के लिए सभी अधिकारी कर्मचारियों को बधाई दी और इसी प्रकार से कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री जैसवाल ने संबोधित करते हुए संपूर्णता अभियान के अंतर्गत सभी 6 विकास सूचकों में संतृप्ति प्राप्त करने में सफल रहने के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अभियान के सफल क्रियांवयन से जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला बाल विकास अंतर्गत कार्य का प्रदर्शन बढ़ा है।

उन्होंने कहा जिले को अच्छी रैंकिंग हासिल हुई और बक्सवाहा ब्लॉक में बेहतर कार्य किया गया। अभियान के तहत जिले में स्वास्थ्य, आंगनबाडियों में पोषण सुविधा, महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण सुनिश्चित कराना, पात्र लोगों को योजनाओं की राशि का वितरण, स्वसहायता समूहों की महिलाओं को अजीविका से जोडऩा, साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियांवयन सुनिश्चित कराना है। कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों से आगे भी बेहतर कार्य करने की अपील की।

## युवाओं को नशे से दूर रहने एवं दुष्प्रभाव से अवगत कराया



**छतरपुर।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार नशे से दूरी है जरूरी के अंतर्गत नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। नशामुक्ति अभियान का आयोजन गुरुवार को शा.उ.मा. विद्यालय क्रमांक 1 छतरपुर में किया गया। जिसमें जिले के लगभग 350 युवाओं ने भाग लिया। जिसमें जिले के खिलाड़ी भी शामिल रहे। साथ ही स्कूल के बच्चों के लिये रस्सा -कस्सी एवं मलखम्ब खेल का भी आयोजन किया गया। जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी राजेन्द्र कुमार कोष्टा की अध्यक्षता में कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएसपी अरूण प्रताप सोनी ने युवाओं नशे के प्रति जागरूक किया एवं इससे होने वाले नुकसान से अवगत कराया तथा लखन वाजपेयी विभाग बौधिक शिक्षण प्रमुख समाज सेवी ने नशा मुक्ति गीत प्रस्तुत किया तथा नशे से दूर रहने एवं समाज में भी नशे के दूर रहने लोगो को प्रेरित करने को कहा। कार्यक्रम में संतोश शर्मा, रामकृपाल यादव योग प्रशिक्षक, प्रदीप सेन, अरूण सिंह, मो. हरून नेहरू युवा केद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक वर्ष में हेलमेट बैंक सेवा से लाभान्वित हुए साढ़े सात हजार से अधिक लोग



**छतरपुर।** छतरपुर पुलिस की हेलमेट बैंक सेवा ने अब तक सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस पहल के तहत जरूरतमंद दोपहिया वाहन चालकों को मुफ्त हेलमेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे हजारों लोग लाभान्वित हुए हैं।

पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जुलाई 2024 से शुरू हुई हेलमेट बैंक सेवा का पिछले एक वर्ष में साढ़े सात हजार से अधिक लोगों ने लाभ लिया। सिर्फ जुलाई 2025 में ही एक हजार से अधिक नागरिक इस सेवा का लाभ ले चुके हैं। बताया गया है कि कई लोग तो नियमित रूप से इस सेवा का लाभ ले रहे हैं। इस पहल की सफलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पिछले दिनों शहर के बस स्टैंड पर बनी नई पुलिस चौकी में भी निःशुल्क हेलमेट बैंक सेवा शुरू की है। छतरपुर पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों से अपील की है कि वे वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें।

## गरीब दंपत्ति को गांव से भगा रहे दबंग

## परेशान पति-पत्नी ने एसपी से की शिकायत



**छतरपुर।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र के पठा गांव में रहने वाले दंपत्ति को कुछ दबंग लोग गांव से भगाने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप है कि पिछले दिनों दबंगों ने दंपत्ति पर हमला भी किया, जिससे वे दहशत में हैं। गुरुवार को परेशान पति-पत्नी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्राम पठा निवासी प्रमोद त्रिपाठी ने बताया कि 29 जुलाई को वह गांव के गुलाब राजपूत के घर खाना खाने गए थे। यहां से घर वापिस लौटते समय दबंग संतोष राजपूत, सुरेश राजपूत, भूपेंद्र राजपूत, संदीप राजपूत, लोटन सिंह राजपूत और अभिनव त्रिपाठी ने उन पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान भूपेंद्र और संतोष ने उसे कट्टा दिखाकर गांव छोड़कर जाने और बात न मानने पर जान से मारने की धमकी दी। जब प्रमोद जान बचाकर भाग रहा था तब आरोपियों ने उस पर गोली भी चलाई। प्रमोद के मुताबिक जब वह वह चीखते हुए घर की तरफ भागा तो उसकी पत्नी भी मौके पर आ गई, जिसके बाद आरोपियों ने उसे भी गालियां देकर अभद्र व्यवहार किया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## पुरानी रंजिश के चलते हुई थी वृद्ध की हत्या

### पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** जुझारनगर थाना क्षेत्र के ग्राम दिदवारा में पिछले दिनों हुई हत्या की घटना का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया। बताया गया है कि आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते वृद्ध को मौत के घाट उतारा था। पुलिस ने 8000 रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करते हुए हत्या में प्रयुक्त हथियार और बाईक भी बरामद की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गत 26 जुलाई को ग्राम दिदवारा की बड़ी बंधिया के पास एक वृद्ध का शव मिला था। मृतक की पहचान रामआसरे उर्फ रमसा प्रजापति निवासी दिदवारा के रूप में हु थी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या का मामला दर्ज किया था। वहीं पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित की और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 8000 रुपये के इनाम की घोषणा की थी। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, संदिग्धों की जानकारी एकत्र की और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। एक संद?ग्धि पप्पू उर्फ अशोक पुत्र बाबूलाल अहिरवार निवासी दिदवारा से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उसने पुरानी रंजिश के चलते हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त हथियार और बाइक बरामद की है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## दो नि:शुल्क शव वाहन की मिली सुविधा

## जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने हरि झंडी दिखाकर शुभारंभ किया

### पार्थिव शरीर को सम्मान पूर्वक उनके घर या मुक्तिधाम तक पहुंचाने की सुविधा

छतरपुर।



जिलेवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील सेवा दो निःशुल्क शव वाहन की सौगात मिली है। गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री और कलेक्टर पार्थ जैसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने हरि झंडी दिखाकर ऑडिटोरियम से दो शव वाहनों की सेवा का शुभारंभ किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस सेवा का संचालन 108 एंबुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। शुभारंभ के मौके पर जिला प्रभारी 108 एंबुलेंस सेवा रोहित अरजरिया एवं उनकी समस्त टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन को यह 2 वाहन नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत प्राप्त हुए हैं यह राज्य शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध रहेंगे। इनका उपयोग अस्पताल में उपचार के दौरान मृत रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ित की मृत्यु होने की स्थिति में मृतक के पार्थिव शरीर को सम्मान पूर्वक उनके घर या मुक्तिधाम तक पहुंचाने के लिए किया जाएगा। जिले में लंबे समय से शव वाहन की कमी महसूस की जा रही थी। 2 शव वाहन होने से अब आर्थिक वोझ में भी कमी आएगी। यह आकस्मिक सेवा सभी के लिए दी जाएगी। इस पहल से जिले में अंतिम यात्रा की गरिमा बनाए रखने में सहायता मिलेगी और जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलेगी।

## बुंदेलखंड के मंदिरों को निशाना बनाने वाला चोर गिरोह पकड़ा गया

## छतरपुर जिले के तीन मंदिरों सहित दो दर्जन चोरियों का हुआ खुलासा

### लाखों की संपत्ति सहित 4 चोर गिरफ्तार, माल खरीदने वाला भी पकड़ा

**छतरपुर।** लंबे समय से बुंदलखंड अंचल के अलग-अलग मंदिरों में चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं, जिससे धर्मप्रेमियों में आक्रोश बढ़ रहा था और लगातार कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे थे। हाल ही में बकस्वाहा क्षेत्र के एक मंदिर से हुई चोरी के बाद से पुलिस महकमा लगातार चोरों की तलाश कर रहा था जिसके परिणामस्वरूप छतरपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। छतरपुर पुलिस द्वारा मंदिरों को निशाना बनाने वाले एक चोर गिरोह को पकड़ा गया है, जिससे करीब दो दर्जन चोरियों का खुलासा हुआ है। इन चोरियों में छतरपुर जिले के तीन मंदिरों की चोरी भी शामिल हैं। गुरुवार की शाम को पुलिस अधीक्षक ने जिला मुख्यालय के पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में मामले का खुलासा करते हुए मीडिया को कार्रवाई की जानकारी दी।
पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि जिले के वर्ष 2022 में नैनागिरि मंदिर, 2023 में बक्सवाहा मंदिर और 2023 में अबार माता मंदिर में हुई चोरियों के मामले दर्ज थे। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को कुछ संदिग्धों की जानकारी मिली। इसी जानकारी के आधार पर दबिश देकर पुलिस ने पांच संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में



चार संदिग्ध राजू पुत्र कन्छेदी पटेल निवासी ग्राम रनगुवां जिला सागर, चाली पुत्र हरिदास अहिरवार, रोहन ठाकुर उर्फ तावडे पुत्र साहब सिंह दोनों निवासी ग्राम मौठार जिला सागर और विकास पुत्र श्रीराम अहिरवार निवासी ग्राम डिलोना जिला सागर ने मंदिरों से चोरी करने की बात कबूली। जबकि एक संदिग्ध संदीप पुत्र सत्यनारायण सोनी निवासी गढ़ाकोटा जिला सागर ने चोरी की संपत्ति को खरीदने का जुर्म स्वीकार किया। एसपी श्री जैन ने बताया कि पकड़े गए चोरों से छतरपुर जिले के बक्सवाहा, नैनागिरि और अबार माता मंदिर सहित बुंदेलखंड के कुल 23 मंदिरों में चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है।



### साढ़े तीन लाख की संपत्ति बरामद, हथियार भी मिले -

एसपी अगम जैन ने बताया कि पकड़े गए चोरों के कब्जे से कुल साढ़े 3 लाख की संपत्ति बरामद हुई है, जिसमें 21 छोटे-बड़े छत्र, तीन मंगलसूत्र, एक सोने की नथ, 10 छोटे झूमर छत्र, एक बड़ा झूमर छत्र, दो प्रतिमा नयन, एक चांदी का टीका, तीन बड़े छत्र शामिल है। इसके अलावा वारदातों को अंजाम देने में इस्तेमाल किया गया लोहे का कटर और टीवीएस बाईक भी बरामद हुई है। आरोपियों के पास से पुलिस को एक 312 बोर का कट्टा, दो कारतूस तथा एक चाकू भी मिला। एसपी श्री जैन ने बताया कि पकड़े गए चोर चाली अहिरवार पर सागर और छतरपुर जिले में लूट, हत्या का प्रयास, चोरी, मारपीट, जुआ जैसे 10 अपराध, रोहन उर्फ तावड़े और राजू पटेल पर 6 अपरोध तथा संदीप सोनी पर 4 अपराध पहले से दर्ज हैं।

## महिलाओं ने 35 दिन में सीखा ब्यूटी पार्लर कोर्स

### स्वयं का रोजगार स्थापित करने बनीं सक्षम

1 अगस्त से महिला टेलर का प्रशिक्षण शुरू होगा



**छतरपुर।** जिला प्रशासन के निर्देशन में भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नौगांव में 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनर सपना रिछारिया द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों से आई महिलाओं को 35 दिन तक विभिन्न प्रकार के ब्यूटी पार्लर से संबंधित कार्य सिखाए गए और टिप्स दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान निदेशक प्रकाश गरेहटे द्वारा बच्चों को रोजगार हेतु प्रेरित किया गया एवं प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संस्थान के सीनियर फैकल्टी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि 1 अगस्त 2025 से महिलाओं के लिए महिला टेलर का प्रशिक्षण शुरू हो रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से बेरोजगार, गरीब महिलाएं जो महिला टेलरिंग सीखना चाहतीं हैं वह दिनांक 1 अगस्त 2025 तक पंजीयन करवा लें। कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी राजाराम कुशवाहा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर समापन संस्थान के डायरेक्टर प्रकाश गरेहटे, सीनियर फैकल्टी शैलेंद्र सिंह, गेस्ट फैकल्टी सपना रिछारिया सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाएं उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### बहनों को तोहफा, बारकोड स्कैन करते ही राखी लेने घर पहुंचेगा डाकिया

रीवा। रक्षाबंधन के पावन पर्व में इस बार डाकघर ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। अब भाईयों को राखी भेजने के लिए बहनों को डाकघर नहीं जाना होगा, सिर्फ स्कैनर से स्कैन करना होगा और पोस्टमैन घर आकर राखी का पार्सल पिकअप कर लेगा। अधीक्षक डाकघर आर.के. तिवारी ने बताया कि राखी के खास मौके पर प्रधान डाकघर में यह सुविधा आरंभ की गई है। अब बहनों को डाकघर जाने की जरूरत नहीं होगी। बारकोड को स्कैन करने से बहने सीधी पोस्टमास्टर से वाट्सअप पर जुड़ जाएंगी। पोस्टमैन खुद बहनों के घर पहुंच कर पार्सल पिकअप करेंगे। पार्सल बुक कराकर रसीद भी प्रदान करेंगे। घर बैठे राखी सुरक्षित भाईयों के पास पहुंचाने की जिम्मेदारी डाकघर ने उठाई है।

### ट्रेक्टर में शव ले जाने पर नोटिस, माँगा स्पष्टीकरण

कटनी। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने सोशल मीडिया में वायरल नगर निगम के ट्रेक्टर वाहन में सफाई मित्रों से किसी लावारिस व्यक्ति का शव जिला चिकित्सालय से उठाने के वीडियो को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस में स्पष्टीकरण माँगा है। जारी कारण बताओ सूचना पत्र में लेख किया गया है कि नगर में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा निःशुल्क शव वाहन उपलब्ध कराये जाते है, यह जानकारी होने के बाद भी संबंधित संस्थाओं से संपर्क ना करते हुए शव वाहन के उपयोग का प्रयास नहीं किया गया और ना ही समस्या से अवगत कराते हुए जानकारी संज्ञान में लाई गई। यह कृत्य सौंपे हुए दायित्वों के प्रति गैर जिम्मेदारी, उदासीनता और अमानवीयता को दर्शाता है। जिसको संज्ञान में लेते हुए श्री दुबे ने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी एवं क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारी को नोटिस जारी किया कर 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

### कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

कटनी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने प्राथमिक कृषि साख समिति बहोरीबंद के सरस्वती वेयरहाउस नीमखेड़ा पहुंचकर समर्थन मूल्य पर मूंग व उड़द उपार्जन कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद सहायक प्रबंधक लक्ष्मी पटेल को ताकीद किया कि किसानों से फेयर एवरेज क्वालिटी का मूंग व उड़द तय मानकों के अनुरूप क्रय किया जाये।

# बकायादारों पर निगम की सख्ती, दो व्यापारिक भवनों पर हुई तालाबंदी, नोटिस के बाद कार्रवाई

रीवा।



नगर निगम ने बकायादारों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। कर वसूली को लेकर जारी अभियान के तहत निगम प्रशासन ने जोन क्रमांक 2 के अंतर्गत दो बड़े बकायादार व्यापारियों के भवनों पर तालाबंदी की कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के स्पष्ट निर्देश के तहत यह कार्रवाई की गई, जिसमे वार्ड 9 के भवन स्वामियों पर बड़ी बकाया राशि जमा न करने पर यह कठोर कदम उठाया गया। तालाबंदी की गई संपत्तियों में राजकुमार गुप्ता पर 71,549 रुपए तथा विमल गुप्ता पर 54,342 रुपए की बकाया राशि थी। निर्धारित समय सीमा के भीतर कर जमा न करने पर निगम के राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तालाबंदी की कार्रवाई को अंजाम दिया। आयुक्त डॉ. सोनवणे ने स्पष्ट रूप से कहा है कि नगर निगम उन सभी बकायादारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगा जो निर्धारित समय में कर का भुगतान नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि तालाबंदी की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और करदाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे समय पर अपने करो का भुगतान कर अप्रिय कार्रवाई से बचें। इस कार्रवाई में सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी, राजस्व निरीक्षक रविप्रकाश मिश्र, उपराजस्व निरीक्षक सुधांशु विश्वकर्मा, शिवप्रसाद पांडेय, दिनेश सिंह, अनुपम सहित निगम का राजस्व अमला मौजूद रहा।

# हत्या के प्रयास में फरार 10 हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

रीवा




जिले में गोविंदगढ़ पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे 10 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ने बताया कि 28 जनवरी 2025 को गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के ओढ़की निवासी शिवेंद्र तिवारी पर हमला किया गया था। आरोपी अश्विनी मिश्रा और उसके दो अन्य साथियों ने लोहे की रॉड से तिवारी पर जानलेवा हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। तिवारी को उपचार के लिए एसजीएमएच रीवा में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद फरार था मुख्य आरोपीइस मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। घटना के बाद दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि मुख्य आरोपी अश्विनी मिश्रा फरार था। पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी थी और अंततः उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे केंद्रीय जेल भेज दिया गया है।

# तेज रफ्तार तीन बाइक आपस में टकराई




पांच घायल चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड़हर मोड़ की घटना

रीवा।

शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोडहर मोड़ में बुधवार की सुबह तेज रफ्तार में दौड़ रही तीन बाईकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार 5 युवक घायल हुए जिनमे दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सूचना डायल हंड्रेड पुलिस को दी जिसके बासद 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक गोडहर मोड़ में विपरीत दिशा से आ रही तीन बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर में दो लोगों को अधिक चोट पहुंची तो वहीं तीन को मामूली चोट आई है। गंभीर रूप से घायल छिजवार और सगौनी निवासी दो युवक रोहिणी सिंह और सचिन सिंह को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां चिकित्सकों द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# टैक्स नहीं जमा करने पर होगी तालाबंदी और कुर्की की कार्यवाही निगम आयुक्त ने वसूली में तेजी लाने के लिए दिए सख्त निर्देश



रीवा। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने गुरुवार को राजस्व विभाग की वसूली प्रक्रिया पर एक अहम समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में निगम आयुक्त ने बकायादारों के खिलाफ कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि राजस्व की वसूली में तेजी लाई जा सके। बैठक में निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन बड़े व्यावसायिक बकायादारों की नोटिस अवधि समाप्त हो चुकी है, उन पर 3 दिन के भीतर तालाबंदी की कार्यवाही की जाए। साथ ही, उन्होंने बकायादारों को यह भी निर्देश दिए कि उन्हें नोटिस में दी गई अवधि तक बकाया राशि जमा करनी होगी। यदि तालाबंदी के बावजूद राशि जमा नहीं की गई तो उन पर कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा, ट्रांसपोर्ट नगर के प्लॉटों पर बकाया राशि जमा नहीं करने वाले बकायादारों को लीज़ निरस्तीकरण की नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए गए। निगम आयुक्त ने वार्ड 17 और 18 के वार्ड प्रभारी को भी चेतावनी दी कि अगर बकायादारों को नोटिस जारी करने में लापरवाही बरती गई तो उनकी एक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी किए जाएंगे। डॉ. सोनवणे ने विशेष रूप से व्यावसायिक बकाया राशि की वसूली पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि इस तिमाही में बकाया राशि की पेंडेंसी को शून्य किया जाए। साथ ही, उन्होंने वार्ड प्रभारियों को परफॉर्मेंस सुधारने की सख्त हिदायत दी। अगर 50 प्रतिशत से कम वसूली की जाती है तो 14 सहायक राजस्व निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त सुश्री शीतल भलावी, रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, नीलेश चतुर्वेदी, राजस्व निरीक्षक रविप्रकाश मिश्र और वार्ड प्रभारी समेत राजस्व अमला भी मौजूद थाबॉक्स ऑनलाइन ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने की दिशा में कदमनिगम आयुक्त ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन पर भी जोर दिया और सभी वार्ड प्रभारी को पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन का उपयोग अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बकायादारों से निरंतर संपर्क बनाकर ऑनलाइन पीओएस मशीन से वसूली को बढ़ावा दिया जाए। निगम आयुक्त ने आवासीय बकायादारों के लिए भी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन आवासीय बकायादारों की पहली नोटिस की अवधि समाप्त हो चुकी है और जिन्होंने बकाया राशि जमा नहीं की है, उन्हें कुर्की की अंतिम नोटिस जारी की जाए और कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित की जाए।

# पीटीएस में 489 नवआरक्षक ले रहे बुनियादी प्रशिक्षण, एसपी ने लिया प्रशिक्षण कक्षाओं का जायजा



रीवा। जिले पुलिस प्रशिक्षण शाला में नव आरक्षकों का बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025 में 489 प्रशिक्षु आरक्षक वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 23 जुलाई से से आरक्षकों का विधिवत प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ है। पीटीएस रीवा के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन ने बुधवार को प्रशिक्षण केंद्रों का भ्रमण किया। प्रशिक्षण उत्कृष्टता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रदाय किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी कक्षाओं में जाकर प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया गया तथा प्रशिक्षुओं से बात की गई एवं प्रशिक्षण के संबंध में फीडबैक लिया गया। प्रशिक्षु नवआरक्षकों को 9 माह के बुनियादी प्रशिक्षण के प्रथम सेमेस्टर में 6 पेपर पढ़ाए जा रहे हैं जो की, पुलिस की भूमिका एवं पुलिस प्रशासन संगठन, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, संविधान व मानवाधिकार, व्यक्तित्व विकास व मानव व्यवहार तथा कंप्यूटर व साइबर क्राइम हैं। प्रशिक्षकों के द्वारा ऑडियो विजुअल प्रेजेंटेशन के माध्यम से ही सभी विषयों को पढ़ाया जाता है। आंतरिक प्रशिक्षण की प्रभारी निरीक्षक अंजु कुर्मी, एडीपीओ आदर्श सिंह सोलंकी, मनीष पांडे, मधुसूदन वर्मा, निरीक्षक चित्रांगदा सिंह, रीना सिंह, आशा त्रिपाठी, सुशील शुक्ला,विनोद सिंह, अजय सिंह, फग्गन सिंह, सुधीन्द्र कुमार मरावी, नंदू लाल प्रजापति, भगवान दास मौर्य, उप निरीक्षक आराधना सिंह ,प्रियंका सिंह, कृष्ण पाल सिंह व जितेंद्र चिकवा के द्वारा आंतरिक प्रशिक्षण की कक्षाएं ली जा रही है।

# अपराधों की त्वरित और प्रभावी जांच सुनिश्चित की जाएः आईजी रीवा जोन में अपराध समीक्षा बैठक, आईजी गौरव राजपूत ने दिए सख्त निर्देश



रीवा। रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) गौरव राजपूत की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रीवा, सतना, सिंगरौली, सीधी, मैहर, मऊगंज समेत सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न मामलों की गहन समीक्षा की गई, जिसमें लंबित अपराधों, मर्ग प्रकरणों, चालान, शिकायतों, राहत प्रकरणों, चिन्हित मामलों, समंस और वारंट की स्थिति के अलावा सड़क दुर्घटनाओं की जांच भी प्रमुख बिंदु रहे।नआईजी गौरव राजपूत ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि वे गुमशुदा बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए जोन स्तर पर चलाए जा रहे ₹ऑपरेशन मुस्कान को और तेज करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत अधिक से अधिक बच्चों को उनके परिवारों तक पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जाए।बबैठक में डीआईजी राजेश सिंह चंदेल, एसपी रीवा विवेक सिंह, एसपी सतना आशुतोष गुप्ता, एसपी मैहर सुधीर कुमार अग्रवाल, एसपी सिंगरौली मनीष खत्री, एसपी सीधी रविंद्र वर्मा और एसपी मऊगंज दिलीप सोनी सहित सहायक लोक अभियोजन अधिकारीगण ने भी बैठक में शामिल हुए और अपनी-अपनी जिलों में हो रही कार्यवाही की जानकारी दी। आईजी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि अपराधों की त्वरित और प्रभावी जांच सुनिश्चित की जाए ताकि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। साथ ही, सड़क सुरक्षा के मद्देनजर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष उपाय किए जाएं।

# रात के सन्नाटे में सेंधमारी, लाखों के जेवरात उड़ा ले गए चोर



दो घरों को बनाया निशाना, एक में नाकाम रहे, दूसरे से उड़ाए सोने-चांदी के आभूषण और नकदी

रीवा। जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खम्हरिया गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी की वारदात को अंजाम देते हुए लाखों रुपये के आभूषण और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने गांव के दो मकानों को निशाना बनाया। एक घर में तो उन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन दूसरे घर से लगभग चार लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चुरा कर फरार हो गए। घटना की जानकारी तड़के उस समय सामने आई जब गृहस्वामी की नींद खुली और घर के अंदर सामान अस्त-व्यस्त मिला। तत्काल स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच करते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। ग्राम खम्हरिया निवासी भूपेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि घटना रात के सन्नाटे में उस समय घटी जब उनके परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में सोए हुए थे। चोरों ने घर की पिछली दीवार में सेंध लगाकर प्रवेश किया और अलमारी में रखे जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। भूपेंद्र सिंह के अनुसार चोरी गए सामान का अनुमानित मूल्य चार लाख रुपये से अधिक बताया जा रहा है। घटना को अंजाम देने के बाद चोर पड़ोस में रहने वाले प्रदीप सिंह के घर भी दाखिल होने की कोशिश में लगे थे, लेकिन घर के भीतर हलचल होते ही वे मौके से भाग निकले। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तीन से चार संदिग्ध लोगों को रात के अंधेरे में भागते हुए देखा गया है, जिनकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। बैकुंठपुर थाना पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। घटनास्थल से कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिलने की भी बात कही जा रही है, जिसके आधार पर पुलिस जल्द ही चोरों तक पहुंचने का दावा कर रही है। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में बीते कुछ महीनों से चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस से रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# हत्या के प्रयास के आरोप से बरी हुए तीन युवक, अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला

रीवा।



ग्राम भीटबा में धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दो युवकों को गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए तीन युवकों को अपर सत्र न्यायालय ने दोषमुक्त करार दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 31 मई 2022 की रात करीब 9 बजे ग्राम भीटबा में राकेश विश्वकर्मा और रमेश विश्वकर्मा पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था। पीड़ित पक्ष के अनुसार, हमले में सत्यम सिंह परिहार, शिवम विश्वकर्मा तथा ऋतिक विश्वकर्मा सम्मिलित थे, जिन्होंने शरीर के संवेदनशील हिस्सों पर गंभीर चोट पहुंचाई थी। घटना के तत्काल बाद पीड़ितों ने थाना चोरहटा में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 375/2022 अंतर्गत धारा 307, 323, 294, 506, 341, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रकरण की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश असरफ अली की न्यायालय में की गई, जहाँ अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं गवाहों को न्यायालय पर्याप्त नहीं मान सका। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि प्रस्तुत साक्ष्यों से यह सिद्ध नहीं होता कि आरोपितों ने जानलेवा हमला किया या पीड़ितों की हत्या का प्रयास किया। न्यायालय ने सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के पश्चात तीनों आरोपियों को हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं से दोषमुक्त घोषित किया। आरोपियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार (शेरा सिंह) तथा आशीष सिंह कल्चुरी ने प्रभावी पैरवी की।

## दूध व्यापारी पर ताबड़तोड़ हमला, तलवार-लाठियों से सर पर वार सेमरिया क्षेत्र के गोदहा गांव की घटना



रीवा। जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र के चचाई चौकी अंतर्गत गोदहा निवासी दूध व्यापारी ललन यादव के साथ बुधवार को लाठी डण्डा और तलवार से हमला किया गया। घटना में दुग्ध व्यापारी के सर पर चोट आई है। बताया गया कि आरोपियों के खिलाफ पीड़ित दुग्ध व्यापारी की पत्नी ने बीते 2 मार्च को छेड़कानी की शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसके बाद से आरोपी रंजिश रख रहे थे। 11 मई को भी आरोपियों ने शिकायत वापस लेने उसके पति के साथ मारपीट की थी, जिसके बाद उसने मामले की शिकायत सेमरिया पुलिस से की थी। बुधवार की सुबह करीब 8 बजे एक बार फिर आरोपियों ने दूध की उगहनी करने जा रहे ललन को बरौं के पास घेर लिया और लाठी, डण्डा और तलवार से हमला कर दिया। घटना में युवक के सर और शरीर में गंभीर चोट पहुंची है। पीड़ित परिवार सहित दुग्ध विक्रेताओं ने बुधवार को घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की साथ ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। पीड़ित नें हमलावरों पर 20 हजार की लूट किये जाने का भी आरोप लगाया है। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया है।

# कृषि विस्तार अधिकारी के सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्ण विदाई समारोह का हुआ आयोजन

मऊगंज



कृषि विभाग नईगढ़ी में पदस्थ कृषि विस्तार अधिकारी नीलेश द्विवेदी 31जुलाई को सेवा निवृत्त हुए हैं जिस पर सहयोगी कृषि विस्तार अधिकारियों ने अपने अपने शब्दों में उनके साथ रहकर अपने कार्य को सहयोगी की भूमिका में पाया जहां नीलेश द्विवेदी वर्ष 2018 में नईगढ़ी में कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दी सेक्टर वंधवा में अक्सर भ्रमण किया करते हुए आज की सेवा दी। जो नईगढ़ी में अच्छे कार्यों के लिए विख्यात रहे हैं समय के पावंद होने से नियम और अनुसंधानात्मक रहकर अपने कार्य को बड़ा सहजता पूर्वक किया।किसानों ने कहा आप जैसा अधिकारी नही मिलेगा हमे दोवारा। बड़ी सहजता से मिलने के लिए द्विवेदीजी किसानों ने याद किया तो वह घर जाकर जानकारी उपलब्ध कराई है। एसएडीओ अरूण पाण्डेय ने कहा कि बड़ा सहयोगी प्रविति के रहेशा सभी अन्य कृषि विस्तार अधिकारियों का सहयोग किया है। सभी ने भावभीनी विदाई देकर ऐसी अपेक्षा की कभी कभार यहां पर आते रहे मार्गदर्शन करते रहे। साल श्रीफल भेंट कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका स्वभाव बहुत ही सरस और मधुर रहा है जहां कार्यालय में आने बाले व्यक्तियों का पूरी ईमानदारी से अपना सहजता का परिचय देते हुए सहयोग कार्य करते रहे हैं ।इस अवसर पर पवन सिंह, पूर्व कृषि विस्तार अधिकारी रामनारायण वर्मा, राजेंद्र मिश्रा, कृषक संदीप सिंह, मनोज सिंह, गिरजा प्रताप सिंह, शीवेशा सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी श्रेया पाठक, शुभम विरला, सुशीला साकेत, दिव्या पिपलाने, पुनीत गुप्ता, सकील अंसारी, सीला द्विवेदी, मालती द्विवेदी, कुशुम द्विवेदी, दीपिका द्विवेदी, विनीत द्विवेदी, हनुमाना प्रसाद कुशवाहा, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी जिला मऊगंज समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, आशीष कुमार शुक्ला विभाग के अधिकारी कर्मचारी ने मन से मोह जोड़कर एक नम आंखों से विदाई की गई।

## संजीवनी क्लीनिक में किया गया वृक्षारोपण



रीवा

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। कमिश्नर बीएस जामोद के निर्देशन में संजीवनी क्लीनिक में आम, जामुन, मुनगा आदि फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ. के.बी. गौतम, डॉ. प्रियांश सिंह, सौरभ पाण्डेय एवं संस्था के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान का मऊगंज में भव्य समापन



जनचेतना की मशाल से जल उठा युवा मन



मऊगंजः मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित 15 दिवसीय राज्यव्यापी अभियान ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ का भव्य समापन शहीद केदारनाथ महाविद्यालय, हनुमान मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एवं टॉपर्स इंटरनेशनल स्कूल, मऊगंज में एक साथ संपन्न हुआ। यह जन-जागरूकता अभियान मऊगंज जिले में 15 से 30 जुलाई तक संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं और समाज को नशे के खिलाफ एकजुट करना था।समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, तथा एसडीओपी सचि पाठक, की उपस्थिति में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने शपथ ली कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि समाज को भी इसके विरुद्ध जागरूक करेंगे।इस अभियान के अंतर्गत केदारनाथ महाविद्यालय से प्रारंभ हुई जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन, लघु फिल्म प्रदर्शन तथा शपथ ग्रहण कार्यक्रमों के माध्यम से नशे के विरुद्ध जनमत तैयार किया गया। ग्रामीण अंचलों और संवेदनशील बस्तियों में जाकर संवाद और नाट्य प्रस्तुतियों द्वारा जन-जागरूकता फैलाई गई।इस दौरान लगभग 1.5 से 2 लाख लोगों तक यह संदेश पहुंचा, और 15,000 से अधिक विद्यार्थियों ने एक साथ शपथ लेकर इसे जनांदोलन का रूप दे दिया। हजारों नागरिकों ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लेकर अपना समर्थन दर्ज कराया।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अभियान को और भी गहराई से आगे बढ़ाया जाएगा। नशे के खिलाफ जनचेतना अभियान के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारियों के आधार पर नशीली कफ सिरप तस्करी के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ भी संभव हो सका, जो इस अभियान की एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल 15 दिनों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि मऊगंज पुलिस इसे निरंतर रूप से विभिन्न माध्यमों द्वारा आगे बढ़ाती रहेगी, ताकि नशामुक्त समाज का सपना साकार हो सके।इस अभियान में निम्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विशेष सराहनीय भूमिका रहीःजिला विशेष शाखा प्रभारी निरीक्षक गिरीश धुर्वे, हनुमना थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल काकडे, मऊगंज थाना प्रभारी राजेश पटेल, शाहपुर थाना प्रभारी अजय, नईगढ़ी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीश ठाकुर, लौर थाना प्रभारी गोविंद तिवारी, सूबेदार अमरीश साहू, प्रधान आरक्षक विमल कुशवाहा, आरक्षक छोटू नरवरिया, आरक्षक आनंद, आरक्षक नीतेश, आरक्षक सतेंद्र, तथा महिला आरक्षक देवती।

# मऊगंज एसडीओपी की सराहनीय पहल नगर सैनिक को दी सम्मानपूर्वक विदाई

मऊगंजः एसडीओपी सचि पाठक ने अपने व्यवहार और नेतृत्व में एक और संवेदनशील पहल जोड़ते हुए एसडीओपी कार्यालय में पदस्थ नगर सैनिक क्रमांक 165 सुरेंद्र तिवारी को सेवा निवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी। 30 जुलाई को आयोजित इस गरिमामय समारोह में तिवारी को शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।पिछले चार वर्षों से मऊगंज में सेवाएं दे रहे सुरेंद्र तिवारी की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण की प्रशंसा करते हुए एसडीओपी सचि पाठक ने कहा कि तिवारी जैसे कर्मठ और अनुशासित सैनिक विभाग की असली ताकत होते हैं। उन्होंने कहा कि तिवारी जी का शांत, व्यवहारिक और जिम्मेदार व्यक्तित्व पूरे कार्यालय के लिए एक मिसाल रहा है।इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Dayavati Patel alias Satiliya Devi W/O: Ramshiromani Patel, R/O school ke pass, itaha kala. Jodhpur, Rewa. Madhya Pradesh-486338, have changed my name and shall hereafter be known as SATILIYA DEVI.